# प्रसार भारती
# भारतीय प्रसारण निगम
# आकाशवाणी केन्द्र शिमला
# 09.11.2025/प्रादेशिक समाचार/1945 बजे

**मुख्य समाचार**

- शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा– सरकार ग्रामीण विकास और बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रतिबद्ध।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर के अनुसार, बिना गारंटी के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मातृशक्ति को दिया हर सम्मान।
- प्रदेश भाजपा ने कांग्रेस सरकार पर पूर्व भाजपा सरकार के कार्यों का श्रेय लेने का लगाया आरोप।
- विश्व कप विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सदस्य रेणुका ठाकुर का गृह क्षेत्र रोहड़ू पहुंचने पर हुआ स्वागत।

**शिक्षा मंत्री**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि राज्य सरकार ग्रामीण विकास व बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रतिबद्ध है। शिमला ज़िले के जुब्बल विकास खण्ड में आज विभिन्न परियोजनाओं के शुभारम्भ अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि जनता को पारदर्शी और प्रभावी सेवाएं मिलें। रोहित ठाकुर ने कहा कि जुब्बल कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकाल में सड़कों का जाल बिछाया गया है जिससे स्थानीय लोगों सहित किसानों–बागवानों को काफी लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर यशवंत सिंह परमार के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत ढांचा स्थापित किया गया और आज उसी दृष्टि से शिक्षा क्षेत्र में विस्तार किया जा रहा है।

**पीएमओ–लेख**

केंद्र सरकार ने पिछले माह के दौरान कबाड़ बेचकर लगभग 8 सौ करोड़ रुपये कमाए हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा आज साझा किए गए एक समाचार लेख में बताया गया है कि सरकार ने स्वच्छता अभियान के दौरान कबाड़ बेचकर यह बड़ी रकम अर्जित की है। समाचार लेख में यह भी बताया गया है कि वर्ष 2021 में शुरू हुए अभियान के बाद से कबाड़ बेचकर सरकार की कुल कमाई लगभग 4 हजार एक सौ करोड़ रुपये तक पहुँच गई है।

**खेल विकास**

राज्य सरकार खेल गतिविधियों को बड़े पैमाने पर प्रोत्साहित करने पर विशेष बल दे रही है। ये पहल न केवल खेल संस्कृति को मज़बूत कर रही है बल्कि युवाओं को नशे से दूर रखने में भी अहम भूमिका निभा रही है। एक सरकारी प्रवक्ता के अनुसार खेलों के विकास के लिए मुख्यमंत्री युवा खेल प्रोत्साहन योजना के तहत प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक खेल मैदान का निर्माण करने का प्रस्ताव है। इसके लिए राज्य के प्रत्येक ब्लॉक में नोडल युवा क्लब स्थापित किए गए हैं। प्रवक्ता ने बताया कि विद्यालयों में भी विभिन्न खेल स्पर्धाओं का आयोजन किया जा रहा है ताकि छात्रों को अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करने का अवसर मिल सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक विजेताओं की पुरस्कार राशि में भी उल्लेखनीय वृद्धि की है।

## जयराम ठाकुर

विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिना गारंटी के मातृशक्ति को हर सम्मान दिया है। वे आज सुजानपुर में सर्वकल्याणकारी ट्रस्ट द्वारा आयोजित महिला सम्मान कार्यक्रम में बोल रहे थे। जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में भी भाजपा सरकार ने महिलाओं को सम्मान देने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए अनेक योजनाएं चलाईं लेकिन वर्तमान कांग्रेस सरकार ने इन योजनाओं को बंद कर दिया है। उन्होंने ये भी आरोप लगाया कि पिछले 3 वर्षों में भाजपा सरकार द्वारा खोले गए संस्थान भी बंद किए गए हैं। प्रदेश में आई आपदा की चर्चा करते हुए जयराम ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार आपदा प्रभावितों को राहत देने में विफल रही है।

## जीएसटी सुधार

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा कई क्षेत्रों में जी.एस.टी. दरों में कटौती के बाद 22 सितंबर को शुरू किए गए जी.एस.टी. बचत उत्सव से देश भर के नागरिकों को लाभ हो रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि फुटवेयर के क्षेत्र में नई जी.एस.टी. दरें नागरिकों के लिए मददगार साबित हो रही हैं।

***अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों के तहत, सरकार ने परिधान और फुटवेयर सहित विभिन्न उद्योगों में कर संरचना को सरल बनाया है। कंपोजिशन लेदर और टैनिंग या क्रस्टिंग के बाद तैयार किए गए चमड़े पर लगाए जाने वाले कर को बारह प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है। इससे निर्माताओं की इनपुट लागत में कमी आई है और देश के भीतर उत्पादन बढ़ा है। इसके अलावा, दौ हज़ार पांच सौ रूपये तक के फुटवेयर पर वस्तु और सेवा कर को पांच प्रतिशत कर दिया गया है। इस कदम से युवा निर्माताओं को सीधे लाभ मिल रहा है और उपभोक्ताओं के लिए उत्पाद अब अधिक सुलभ हो गए हैं।***

## रणधीर शर्मा

प्रदेश भाजपा ने मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू पर भाजपा सरकार के कार्यों का श्रेय लेने का आरोप लगाया है। विधायक व भाजपा मीडिया प्रभारी रणधीर शर्मा ने कहा कि पिछले 3 वर्ष के कार्यकाल में सरकार एक भी गारंटी पूरी नहीं कर पाई है और अब जन आक्रोश से बचने के लिए भाजपा के कार्यों को अपना बता रहे हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने पिछले 11 वर्षों में प्रदेश हित में कई सौगातें दी हैं, जबकि प्रदेश कांग्रेस सरकार ने इन परियोजनाओं में बाधा डालने का काम किया है।

## अनिरूद्ध सिंह

ग्रामीण विकास मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने कहा है कि शिमला ज़िले के मशोबरा विकास खण्ड के गुम्मा में एक करोड़ 14 लाख रूपए की लागत से नया पंचायत घर बनाया जाएगा। गुम्मा में आज दो दिवसीय मेले के समापन समारोह में उन्होंने कहा कि क्षेत्र में 6 करोड़ रूपए की लागत से विभिन्न सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। अनिरूद्ध सिंह ने बताया कि बलदेयां से मानड़ सड़क का निर्माण प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण के तहत 13 करोड़ रूपए की लागत से किया जाएगा।

## रेणुका ठाकुर

विश्व कप विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम की तेज़ गेंदबाज़ रेणुका सिंह ठाकुर आज अपने गृह क्षेत्र रोहड़ू पहुंचीं। स्थानीय लोगों सहित परिजनों ने उनका रोहड़ू पहुंचने पर भव्य स्वागत किया। विश्व कप के अनुभव साझा करते हुए रेणुका ठाकुर ने कहा कि इतनी बड़ी स्पर्धा में दबाव ज़रूर रहता है लेकिन भारतीय टीम ने एकजुट होकर शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से हुई भेंट का भी ज़िक्र किया।

राज्य सरकार द्वारा घोषित पुरस्कार राशि को लेकर रेणुका ठाकुर ने कहा कि हर राज्य अपने खिलाड़ियों को सम्मान दे रहा है और उन्हें खुशी है कि प्रदेश सरकार ने भी ये कदम उठाया है।

## मुख्यमंत्री–दौरा

मुख्यमंत्री सुखविदंर सिंह सुक्खू कल मंडी ज़िले के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे नगवाईं के पनारसा में सरकारी डिग्री कॉलेज का उदघाटन करेंगे। मुख्यमंत्री इसके बाद मंडी के पड्डल मैदान में विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों के साथ संवाद भी करेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री द्वारा आपदा प्रभावितों को राहत राशि भी वितरित की जाएगी। इनमें मंडी, कुल्लू व बिलासपुर जिला के आपदा प्रभावित शामिल हैं। मुख्यमंत्री का मण्डी में एक जनसभा को संबोधित करने का भी कार्यक्रम है।

## लवी मेला

शिमला ज़िले के रामपुर में अंतर्राष्ट्रीय लवी मेला 11 से 14 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। ज़िला प्रशासन ने मेले के सफल आयोजन को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल लवी मेले का शुभारंभ करेंगे। इस चार दिवसीय मेले के दौरान कब्बड्डी, बॉक्सिंग, बैडमिंटन और मिनी मैराथन जैसी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा सांस्कृतिक संध्याएं भी आकर्षण का केन्द्र रहेंगी।

## संजय अवस्थी

राज्य सरकार ग्रामीण स्तर तक बेहतर खेल अधोसंरचना विकसित कर रही है। सोलन ज़िले में अर्की विधानसभा क्षेत्र के कोटली में आज एक क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन पर विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश में हर क्षेत्र में अनेक युवा प्रतिभाएं हैं और इन्हें सही अवसर प्रदान करने के लिए सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि अर्की विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करना उनका लक्ष्य है।

## मुख्य समाचार एक बार फिर

- शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा– सरकार ग्रामीण विकास और बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रतिबद्ध।
- विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर के अनुसार, बिना गारंटी के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मातृशक्ति को दिया हर सम्मान।
- प्रदेश भाजपा ने कांग्रेस सरकार पर पूर्व भाजपा सरकार के कार्यों का श्रेय लेने का लगाया आरोप।
- विश्व कप विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सदस्य रेणुका ठाकुर का गृह क्षेत्र रोहड़ू पहुंचने पर हुआ स्वागत।